#shahjahanpurpol

प्रेस नोटः सराहनीय कार्य 29.08.2023

थाना जैतीपुर पुलिस को मिली बडी कामयाबी

अंतर्राज्यीय बाजार मे लगभग 50 लाख रूपये कीमत की 500 ग्राम (फाइन क्वालिटी) की अफीम सहित मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र , मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियो , वाछित एंव वारंटी, अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम मे श्री संजीव कुमार वाजपेयी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव श्री प्रयाक जैन, क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन मे थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 28.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री विकास कुमार के नेतृत्व मे थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा सदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन चैकिंग रात्रि गस्त के दौरान करकौर भट्टा तिराहे पर समय रात्रि करीब 21.35 बजे अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम जौहान थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर के कब्जे से 500 ग्राम अफीम फाईन क्वालिटी बरामद हुयी। अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

1.निजामुद्दीन पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम जौहान थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष

बरामदगी का विवरण

1 500 ग्राम अफीम (फाइन क्वालिटी)

2. एक अदद पैशन प्रो मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन संख्या UP27AC9880

पंजीकृत अभियोग का विवरण

1.मु0अ0स0 288/2023 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।

पूछताछ विवरण अभियुक्तगण

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम जौहाना थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर सम्बन्धित मु0अ0स0 288/2023 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर से बरामद अफीम के सम्बन्ध मे गहनता से जानकारी की गयी तो बताया कि साहब यह अफीम जनपद बदांयू मे खेती करने वालो से खरीदकर लाता हूँ तथा इस अफीम को मैं मोटरसाईकिल पर चलते राहगीरो को घूम फिर कर फुटकर दामो मे बेच लेता हूँ जिससे मुझे ठीक पैसा प्राप्त हो जाता है साहब मैं इस अफीम को लेकर घुमते फिरते मैं जैतीपुर की तरफ आ रहा था कि कावंडियो को बेच सकू कि आपने मुझे जैतीपुर से पहले ही सडक पर करकौर भट्टा तिराहे के पास पकड लिया तथा यह भी बताया कि साहब हम अफीम को कम दामो मे खरीदकर घूम फिर कर अच्छे दामो मे बेच लेता हूँ जिससे हमारे घर का खर्चा चलता है। अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर अफीम के स्त्रोतो के बारे मे टीम गठित कर जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार मौर्य थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 1855 कुशलपाल थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2597 पंकज कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 1813 ओमप्रकाश थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर